Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to resume the admission process in Ayurvedic Medical Colleges in Maharashtra.

श्री ओम पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद): महोदय, महाराष्ट्र के 5 शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया को राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति परिषद द्वारा प्रतिबंधित किया गया है। इनमें से एक मेरे संसदीय क्षेत्र उस्मानाबाद का शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय है। इन महाविद्यालयों में बहुत से पद खाली हैं। कोरोना काल में मरीजों के इलाज में इस आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय की अहम भूमिका रही है। आज भी इस कालेज में इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या काफी अधिक है। उस्मानाबाद शासकीय आयुर्वेदिक कालेज में कुल प्रवेश क्षमता 111 है, जिसमें से स्नातक प्रवेश क्षमता 63 और स्नातकोत्तर सेवन क्षमता 48 सीटें हैं लेकिन स्टाफ की कमी, कालेज में इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी के कारण इस साल प्रथम वर्ष के छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया रद्द कर दी गई है और स्नातक की प्रवेश क्षमता 48 से घटकर 23 रह गई है।

महोदय, उपरोक्त सारी समस्याओं को केंद्र सरकार के संज्ञान में लाने के बावजूद अभी तक त्रुटियों में सुधार नहीं किया गया है। अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि महाराष्ट्र राज्य के पांचों शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया को शुरू करे और इस पर लगे प्रतिबंध को हटाए और स्टाफ की कमी तथा कालेज में इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी को तुरंत दूर करें।